National Institute of Pharmaceutical Education and Research (NIPER)
(Ministry of Chemicals and Fertilizers)
Sector 67, S.A.S. Nagar, Punjab
Ph. No. 0172-2214682,83, 88, 2292000

Date: 28.11.2022

A Two week intensive training programme on "Advanced Analytical Techniques: Basic Principles & Application for Quality Assessment of Drugs and Pharmaceuticals"

National Institute of Pharmaceutical Education and Research (NIPER), S.A.S. Nagar is conducting ITEC (Indian Technical and Economic Cooperation) programmes in the field of Pharmaceuticals under India's foreign policy of Ministry of External Affairs, GOI.

The ITEC programme was instituted by a decision of the Indian Cabinet on 15 September 1964 as a bilateral programme of assistance of the Government of India. The development partnership Administration (DPA) –III was set up in the Ministry of External Affairs in January 2012.

The ITEC Programme is fully funded by the Government of India. Under this programme 161 countries have economic cooperation which includes Asia, Africa, East Europe, Latin America, the Caribbean as well as Pacific and Small Island countries. They are invited to share in the Indian developmental experience.

NIPER SAS Nagar is organizing a two week intensive training programme on **"Advanced Analytical Techniques: Basic Principles & Application for Quality Assessment of Drugs and Pharmaceuticals", from 28th November to 09th December, 2022.**

Course Coordinator Prof. Inder Pal Singh informed that total 22 participants from 15 countries Armenia, Botswana, Eritrea, Jamaica, Morocco, Oman, Palestine, Philippines, Srilanka, Sudan, South Sudan, Tanzania, Uzbekistan, Uganda, Zambia with background of Drug Regulatory, Pharmacist and Quality Control, are attending this course. Resource persons from the pharmaceutical industry, academia and regulatory agencies will be delivering lectures in this programme. He told that seven sessions will be held on hands-on training on different state of art analytical instruments. Visit to one Pharma company and one Academic Institute is also a part of this ITEC program. –Prof. Singh gave a brief introduction of the Course. He informed that NIPER-SAS Nagar is organizing four ITEC programmes every year. He further mentioned that the regulators worldwide demand increasingly high quality and safety standards of

drugs and pharmaceuticals from the Pharma industry and for meeting these standards reliable analytical techniques and methods are constantly required.

Prof. PV Bharatam, Director (Acting) and Dr. Chaaya Iyenger, Associate Dean welcomed the participants.

The Chief Guest Shri Parveen Goyal, Chairman, Saurav Chemicals Limited mentioned in his address that learning is an attitude and we should have craving for it. He further told that quality is the ultimate key factor for Pharma industry as we deal with humans. Quality starts with culture and testing is very important. The technique, training and equipments are important factors in assuring quality.

At the end the vote of thanks was given by Prof. Sankar K Guchhait (Course Coordinator) and the inauguration programme was concluded successfully.

National Institute of Pharmaceutical Education and Research (NIPER)
(Ministry of Chemicals and Fertilizers)
Sector 67, S.A.S. Nagar, Punjab
Ph. No. 0172-2214682,83, 88, 2292000

दिनांक: 28.11.2022

आईटेक (ITEC) कार्यक्रम एडवांस्ड एनालिटिकल टेक्निक्स : बेसिक प्रिंसिपल्स एंड एप्लीकेशन फॉर क्वालिटी असेसमेंट ऑफ़ ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स

राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, नाईपर, एस.ए.एस. नगर विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की भारत की विदेश नीति के तहत फार्मास्यूटिकल्स के क्षेत्र में आईटेक (ITEC) (भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग) कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

आईटेक कार्यक्रम 15 सितंबर 1964 को भारत सरकार की सहायता के द्विपक्षीय कार्यक्रम के रूप में भारतीय मंत्रिमंडल के एक निर्णय द्वारा स्थापित किया गया था। विकास साझेदारी प्रशासन (DPA) -III की स्थापना विदेश मंत्रालय में जनवरी 2012 में की गई थी।

आईटेक (ITEC) कार्यक्रम पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है। इस कार्यक्रम के तहत 161 देशों का आर्थिक सहयोग है जिसमें एशिया, अफ्रीका, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका, कैरिबियन के साथ-साथ प्रशांत और छोटे द्वीप देश शामिल हैं। उन्हें भारतीय विकासात्मक अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

नाईपर एसएएस नगर 28 नवंबर से 09 दिसंबर, 2022 तक "एडवांस्ड एनालिटिकल टेक्निक्स : “बेसिक प्रिंसिपल्स एंड एप्लीकेशन फॉर क्वालिटी असेसमेंट ऑफ़ ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स" पर दो सप्ताह का गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

पाठ्यक्रम के समन्वयक प्रो. इंदर पाल सिंह ने बताया कि 15 देशों अर्मेनिया, बोत्सवाना, इरीट्रिया, जमैका, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, फिलीपींस, श्रीलंका, सूडान, दक्षिण सूडान, तंजानिया, उजबेकिस्तान, युगांडा, जाम्बिया के कुल 22 प्रतिभागी जो ड्रग रेगुलेटरी बैकग्राउंड से हैं तथा फार्मासिस्ट और क्वालिटी कंट्रोल इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में फार्मास्युटिकल उद्योग, शिक्षा जगत और नियामक एजेंसियों के प्रख्यात व्यक्ति व्याख्यान देंगे। विभिन्न अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों पर हैंड्स ऑन प्रशिक्षण पर लगभग सात सत्र आयोजित किए जाएंगे। एक फार्मा कंपनी और एक शैक्षणिक संस्थान का दौरा भी इस आईटेक (ITEC) कार्यक्रम का एक हिस्सा है। प्रो. सिंह ने पाठ्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने बताया कि नाईपर -एसएएस नगर हर साल चार आईटेक (ITEC) कार्यक्रम आयोजित करवाता है। उन्होंने आगे बताया कि दुनिया भर के नियामक फार्मा उद्योग से दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स की उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की मांग करते हैं और

इन मानकों को पूरा करने के लिए विश्वसनीय विश्लेषणात्मक तकनीकों और विधियों की लगातार आवश्यकता होती है।

प्रो. पीवी भारतम, निदेशक (कार्यवाहक) और डॉ. छाया अयंगर, डीन (एसोसिएट डीन) ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि श्री परवीन गोयल, अध्यक्ष, सौरव केमिकल्स लिमिटेड ने अपने संबोधन में कहा कि सीखना एक दृष्टिकोण है और हमें इसके लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि फार्मा उद्योग के लिए गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण कारक है क्योंकि हम मनुष्यों के साथ इसका प्रयोग करते हैं। गुणवत्ता संस्कृति से शुरू होती है और इसमें परीक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने में तकनीक, प्रशिक्षण और उपकरण महत्वपूर्ण कारक हैं।

अंत में प्रोफेसर शंकर के गुच्छैत (पाठ्यक्रम समन्वयक) द्वारा धन्यवाद दिया गया और उद्घाटन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।